an>

Title : Need for development and operation of Vadiya Devli Railway station in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) ः गुजरात के अमरेली जिले और राजकोट जिले के मध्य में जेतलसर-ढासा रेल लाइन के ब्रॉड गेज प्रोजेक्ट जिसकी लंबाई 80 कि.मी. है, की निविदा निकलने के पश्चात् कार्य शुरू किया जा चुका है। पूर्व में यह लाइन मीटर गेज में थी जिसे ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने का कार्य चल रहा है।

वडिया देवली जो एक तहसील है, इस स्थान पर पहले रेलवे स्टेशन था जिसका संचालन रेलवे विभाग ने किसी कारण से बंद कर रखा है। इस निविदा में वडिया देवली तहसील वाले स्टेशन को शामिल नहीं किया गया है। इस 80 कि.मी. की लाइन में 8 स्टॅपेज है, जिसमें 2 तहसील आती हैं। अतः इस वडिया देवली (तहसील) स्टेशन के पुनर्निर्माण को इस निविदा में शामिल किया जाए। इस बात के लिए मैंने संबंधित ठेकेदार से सम्पर्क किया तो मुझे ज्ञात हुआ कि इस स्टेशन को निविदा में शामिल नहीं किया गया है। इस स्टेशन को निविदा में शामिल नहीं किए जाने से मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा तथा मेरे द्वारा किए गए अनेक प्रयास भी व्यर्थ हो जाएंगे।

अतः मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि मेरी जनता के साथ प्रतिबद्धता को देखते हुए टेंडर में वडिया देवली तहसील वाले स्टेशन को पुनः संचालित करने के पश्चात यहां रेल के आवागमन के साथ-साथ स्टॅपेज की व्यवस्था की जाए जिससे मेरे क्षेत्रवासियों को सुविधा मिल सके।